# शहर की अवैध कालोनियों पर जिला प्रशासन का एक्शन

## अवैध कालोनियों के नामांतरण पर कलेक्टर आदित्य सिंह ने लगाई रोक, बिना अनुमति कर ली विकसिल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर में बड़ रहीं अवैध कालोनियों पर प्रशासन का एक्शन का देखने को मिला। जिसके चलते शहर की कई अवैध कालोनियों के नामांतरण पर कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा रोक लगा दी गई है। दरअसल ये कालोनियों कालोनी विकास की अनुमति लिए विकसित की गई है, जिन पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। जिन कालोनियों और सर्वे नबंरों के नामांतरण पर प्रतिबंध लगाए जाने आदेश दिया गया है, उनमें लेकसिटी कालोनी, केशर विहार कालोनी, देव होम्स और भूमि एसेसिएट आदि शामिल है।




दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र अशोकनगर अंतर्गत अवैध कालोनी के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदन पर प्रश्नोधीन भूमि अवैध कॉलोनी के अंतर्गत होने से अवैध कॉलोनी के किसी भी भूखण्ड के क्रय विक्रय के आधार पर नामांतरण आगामी आदेश तक पूर्णत: प्रतिबंधित किये जाने आदेश जारी किया गया है। साथ ही मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 के अनुसार मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 में किसी बात के होते हुए भी कॉलोनी निर्माण करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा अवैध व्यपवर्तन के या अवैध कॉलोनी निर्माण के लिए किसी क्षेत्र में भू-खण्डों का किया गया अंतरण या अंतरण का कोई करार शून्य होगा।

**इन कालोनाईजरों की इन कालोनियों के नामांतरण पर लगाया प्रतिबंध:**
उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र अशोकनगर अंतर्गत अवैध कॉलोनियों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि नगरपालिका क्षेत्र कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 671, 675, 672 कुल रकबा 1.981 है. भूमि पर लेकसिटी कालोनी के नाम से बालाजी बिल्डर जितेन्द्र कोठारी व अन्य निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 477, 478, 479, 480, 483, 484 एवं 485 कुल रकबा 1.672 हे. भूमि पर केशर बिहार कालोनी के नाम से कालोनाइजर मुकेश साहू, आनंद जैन व अन्य, कोलुआ रोड के पास अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 769/2 रकबा 0.895 हे. पर कालोनाइजर मनोज साहू निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 882/2 रकबा 1.014 है. एवं 882/55/1 रकबा 0.491 है. पर मे. देव होम्स भागीदारान विनोद शर्मा, मुकेश साहू निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 38/3/1 रकबा 0.367 है., 39/2 रकबा 0.344 है. एवं सर्वे क्रमांक 40/3 रकबा 0.078 है. भूमि पर भूमि एसोसियेट पर अमन कुमार बंसल एवं जितेन्द्र कोठारी निवासी अशोकनगर द्वारा अवैध कालोनी विकसित कर छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय किये जा रहे हैं। कालोनाइजर द्वारा न ही उक्त भूमि का नक्शा ग्राम तथा नगर निवेश अनुमोदित कराया है और न ही कालोनी विकास अनुज्ञा प्राप्त की गई है। अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से सहमत होते हुये पाया गया है कि प्रश्नाधीन भूमियों पर अनावेदकगण द्वारा अवैध कालोनी का निर्माण कर छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) में स्पष्ट उल्लेख है कि कॉलोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करके किसी भूमि या उसके भाग को व्यपवर्तित करता हैं, वह भूमि के अवैध व्यपवर्तन का अपराध करता है। कॉलोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति कॉलोनी स्थापित करने के उद्देश्य से अपनी भूमि या किसी अन्य व्यक्ति की भूमि को इस अधिनियम में बनाये गये नियमों में अनुज्ञात अपेक्षाओं को भंग करके भू-खंडों में विभाजित करता है, यह अवैध कोलोनी निर्माण का अपराध करता है।



# सुरक्षा की दृष्टि से पार्क में नगरपालिका ने लगाए कैमरे

**तुलसी पार्क का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण**

**कैमरों की निगरानी को मोबाइल में देखा**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के तुलसी सरोवर पार्क में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से ऑडियो रिकॉर्डिंग युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने बताया कि पार्क में पूर्व में मनचलों एवं शरारती तत्वों की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। साथ ही 1 जनवरी को बड़ी संख्या में नगरवासी बच्चों के साथ पार्क में भ्रमण हेतु पहुंचते हैं, जिसे देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का जायजा लेने स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष तुलसी सरोवर पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने सीएमओ एवं अपने मोबाइल में कैमरों का लॉगिन कर निरीक्षण किया। साथ पार्क मे फाउंटेन को भी देखा। वहीं पार्क में प्रतिदिन भ्रमण करने वाले नागरिकों ने नगर पालिका के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

## एक नजर में



### सेवा संकल्प के रूप में मनाया जाएगा सिंधिया का जन्मदिन

**अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर बुधवार को पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आगामी जन्मदिवस तथा मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया के 6 जनवरी को अशोकनगर में होने वाले प्रथम ऐतिहासिक आगमन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिवस सेवा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समर्पण के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दोपहर को जनसंपर्क कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा। इसके पश्चात अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं बीमार गायों को औषधीय युक्त लड्डुओं का सेवन कराने से लेकर पौधोरोपण और जरूरतमंद वस्तीयों में कंबल वितरण किया जावेगा। वहीं बैठक में महा आर्यमान सिंधिया के आगमन पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि उनका शहर के 20 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया जावेगा।

### आंगनवाडी केन्द्रों का समय परिवर्तित

**अशोकनगर।** जिले में शीतलहर को ध्यान में रखते हुए आंगनवाड़ी केंद्रो का कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समय परिवर्तन किया गया है। जिले में संचालित समस्त सभी आंगनवाडी केन्द्रों का समय प्रात:10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक नियत किया गया है।

### नाबालिग को गुजरात से किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** ईसागढ़ पुलिस ने अपहृत हुई नाबालिक बालिका के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए बालिका को गुजरात से किया दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त मकी है। दरअसल 24 दिसंबर को फरियादी द्वारा अपनी 15 वर्षीय बहिन को घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट की। थाना प्रभारी ईसागढ उप निरीक्षक मीना रघुवंशी द्वारा तत्काल टीम गठित कर रवाना किया गया। टीम द्वारा तकनीकी संसाधनो एंव मुखविर की सूचना पर ग्राम मोरई वापी गुजरात से अपहर्ता को दस्तयाव किया गया। चहरं आरोपी अभिषेक पुत्र मोहन केवट को गिरफ्तार किया गया है।

# जिले में गौ संरक्षण के लिए हो सार्थक प्रयास

## कलेक्टर ने जिला गौ संवर्धन की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में गौ संरक्षण के लिए सभी आवश्यक सार्थक प्रयास किये जाएं। जिससे गौवंश को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक आश्रय प्राप्् हो सके। इस हेतु गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में सभी आवश्यक कदम उठायें जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला गौ संवर्धन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं गौशाला संचालकों को दिए।




बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा गौशाला संचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में निर्धारित संख्या अनुसार गौवंश को रखा जाए। साथ ही गौवंश के लिए चारा, भूसा, पानी, विद्युत, टीनशेड की पर्याप्त सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि गौशाला संचालक गौ संवर्धन की दिशा में बेहतर कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला के अभाव में कोई भी आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण न करें, इस हेतु आवश्यक कार्यवाही संबंधितों द्वारा की जाए। उन्होंने गोबर गैस प्लांट के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए समय-समय पर गौशालाओं को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। साथ ही निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिले उनकी पूर्ति कराई जाए। दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर तक गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने गौशालाओं में विद्युत व्यवस्था हेतु पांच हार्स पावर के सोलर पंप लगवाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए।

**ये भी कहा:**
बैठक में दुग्ध उत्पांदन,नाडेप का प्लान,वर्मी कम्पोस्ट,गौशालाओं की भूमि पर अतिक्रमण हटाये जाने, गौशालाओं को अनुदान राशि प्राप्त होने तथा क्षीर धारा मिशन के अंतर्गत गौशालाओं के सुधार के लिए किये जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, समस्त सीईओ जनपद पंचायत,उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ.मनीष व्यास सहित संबंधित अधिकारी एवं गौशाला संचालक उपस्थित रहे।

# नगर के युवाओं ने भोपाल में किया जरूरतमंदो के लिए रक्तदान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** रक्तदान महादान को अपना मिशन बना चुके शहर के युवा लगातार मरीजों के लिए हर समय हर जगह पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। नगर के युवा अश्विन लोधी भोपाल में पढ़ाई कर रहे हैं जब इन्हें ब्लड हेल्प ग्रुप के माध्यम से सूचना मिली कि अशोकनगर निवासी मरीज बबीता बाई का भोपाल के जवाहरलाल नेहरू कैंसर अस्पताल में ऑपरेशन होना है और इनकी ब्लड की व्यवस्था नहीं हो पा रही ऐसे में अश्विन सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे और मरीज के लिए पहली बार अपना ए पॉजिटिव रक्तदान किया,जिसके बाद मरीज का सफल ऑपरेशन हो सका। इसके अलावा ग्रुप के केशव गर्ग ने अशोकनगर से भोपाल पहुंचकर



जैनमश्री मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती मरीज किरण जैन के लिए रेयर ब्लड ग्रुप बी निगेटिव का रक्तदान किया गया। इन युवाओं द्वारा मरीजों के लिए किये गए रक्तदान पर उनके परिजनों ने इन युवाओं की समाज सेवा को लेकर गहरी प्रशंसा करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना ईश्वर से की है।

# कलेक्टर ने किया ईव्हीएम वेहरहाउस का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को अशोकनगर तहसील परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्हों ने ईव्हीएम मशीनों के रखरखाब हेतु उपलब्ध कक्षों, सुरक्षा व्यावस्था,सीसीटीव्ही कैमरों के संचालन व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर



डीएन सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में झीला में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**कार्यक्रम में सामूहिक रूप से किया सुदंरकांड का पाठ**

**मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे वीर सिंह योगी**

नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर बुधवार को शाढ़ौरा खंड के झीला मंडल में सकल हिंदू समाज मंडल के तत्वावधान में एकभव्य विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों हिंदू धर्मावलंबियों ने सहभागिता कर सामाजिक समरसता और संगठन का संकल्प लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में वीर सिंह योगी (विभाग संगठन मंत्री, विश्व हिन्दू



परिषद् उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में संत समाज का प्रतिनिधित्व कमलेश शास्त्री ने किया। इसके अलावा मातृशक्ति की ओर से सुनीता साहू (मातृशक्ति संयोजिका) ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तो वहीं अतिथियों का सम्मान श्रीफल भेंट कर शिवराज सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता वीर सिंह योगी एवं अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता, समानता और राष्ट्र रक्षा पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत माता की आरती कर देश की उन्नति और समाज की एकजुटता की शपथ ली।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों को दी प्रस्तुति:**
आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं गौ माता पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस दौरान जहां स्वागत गीत इंदर लोधी द्वारा प्रस्तुत किया गया। तो वहीं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में किया। साथ ही भजन गायक वीरू सिंह एवं विजयपुरा से पधारे मौकम सिंह ने भजनों की मधुर प्रस्तुति दी।

**भागवत कथा**

**ग्राम मोहरी में चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा में बोले बापू**

# दूसरे का हिस्सा खाने वाला हो जाता है दरिद्र : देवमुरारी



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जो व्यक्ति दूसरे का हिस्सा खाता है, वह दरिद्र हो जाता है, और जिदंगी भर परेशान रहता है, यह बात शहर के समीपस्थ ग्राम मोहरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहीं। इस दौरान आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ विवाह है किया उसका कारण था, कि जिन्होंने भगवान को मन भाव से समर्पित कर उनका पति रूप में मन भगवान ने उसको स्वीकार किया पर आजकल भगवान पर व्यंग्य करते नौजवान बोलते हैं कि जब भगवान ने इतने विवाह किया तो हम तो दो चार कर ही सकते हैं पर यह भूल जाते हैं कि भगवान ने बहुत सारे अच्छे कार्य भी किए हैं, उसकी नकल करते हुए इंसान अच्छे कार्य नहीं करता। विवाह में लड़का-लड़की एक दूसरे को पसंद करने के लिए स्वतंत्र हैं पर स्वछन्दता को अपना कर समाज में दूषित वातावरण बनाते हैं जो बिल्कुल भी अच्छा नहीं है स्वतंत्रता ठीक है स्वच्छंदता ठीक नहीं है। हमारे बुजुर्ग हम लोगों को सही रास्ता बताते हैं पर उनकी बात ना मानकर स्वच्छंदता अपनाते हैं। वहीं देवमुरारी बापू ने आगे बताया कि दत्तात्रेय जी ने अपने जीवन में 24 गुरु बनाए, गुरु बनाना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है गुरु के बिना हमारा उद्धार नहीं हो सकता। गुरु तो भगवान से भी बड़े हैं तथा के अंत में सुदामा चरित्र को श्रवण कराया सुदामा चरित्र से समाज को यह सीख मिलती है कि जो दूसरे का हिस्सा खाता है वह दरिद्र हो जाता है और जीवन भर परेशान रहता है। सुदामा गरीब थे भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश एवं राजा थे फिर भी उन्होंने कभी सुदामा की मदद नहीं की, सुदामा भगवान से मिलने के लिए गए तब उन्होंने सुदामा को सुंदर घर और भगवान पत्नी प्रदान की इसका मतलब यह है कि भगवान से हमको कुछ मांगने की जरूरत नहीं है वह सब जानते हैं और निष्कपट और समर्पित भाव होने पर भगवान हमारे सारे मनोरथ पूरा करते हैं। राजा परीक्षित 7 दिन भागवत सुनें और तक्षक सर्प के डसने से उनको मोक्ष प्राप्त होता है। कथा के विश्राम पर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ दीपक मिश्रा, डॉ हरवीर रघुवंशी, डॉ जय मंडल यादव, कथा के यजमान गजानन महाराज, सुरेश रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# सिंधिया से मिले भाजपा जिला उपाध्यक्ष

**उधोग इकाईया स्थापित करने की रखी मांग**

**विगत दिनों दिल्ली पहुंचे थे उपाध्यक्ष**

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** विगत दिनों भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल ने दिल्ली में क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र के विकास को लेकर आवेदन दिए और विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही पिछले दिनों क्षेत्र में औद्योगिक विभाग द्वारा क्षेत्र के मल्हारगढ़ में जमीन का सीमांकन कर उद्योग के लिए 392 बीघा जमीन आवंटित कर दी गई है। साथ ही सेमरखेड़ी में भी उद्योग लगना है इसके अलावा मर्दन खेड़ी ग्राम में भी उद्योग लगना प्रस्तावित है। जिसके लिए जमीनों का आवंटन कर दिया गया है। भाजपा नेता दीपक पालीवाल द्वारा जल्द ही उद्योग इकाईयां चालू



कराने को लेकर सांसद को आवेदन दिया और उन्हें जल्द ही स्थापित किए जाने का अनुरोध किया। श्री पालीवाल ने बताया कि क्षेत्र में रोजगार को लेकर लोगों को पलायन न करना पड़े और क्षेत्र में जल्द ही उद्योग स्थापित हो इसके लिए क्षेत्रीय सांसद से मुलाकात कर उन्हें जल्द ही चालू कराने का आग्रह किया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके और सांसद ने जल्द ही उद्योग स्थापित कराने का आश्वासन भी दिया है।

### नगर के अधिवक्ता ने पीएम को लिखा पत्र

**अशोकनगर।** नगर के युवा अधिवक्ता शिव सिंह रघुवंशी ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सामाजिक सन्देश पत्र भेजा है। जिसमें श्री रघुवंशी ने बताया है कि वर्तमान में हिन्दी सिनेमा में दिखाई गए चलचित्र और सिनेमा पोस्टर में फिल्म के नायक को स्मोकिंग (धूम्रपान) करते दिखाने से देश के नवयुवकों पर गलत संदेश पहुंच रहा है जिससे वो दुष्प्रभावित हो रहें हैं और फिल्मों में हीरो द्वारा अपशब्दों का प्रयोग भी हो रहा है।